## दो ट्रक भिड़े, चालक गंभीर

### सड़क पर लग गया जाम, राहगीर परेशान



**शहडोल, देशबन्धु।** दो ट्रकों के बीच आमने-सामने इस कदर की भिड़न्त हुई कि दोनों ट्रैकों के चालक बुरी तरह से घायल हो गए। इस हादसे में ट्रकों की भी हालत खस्ता हो गई। घटना ब्यौहारी थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह बांधवगढ़-ब्यौहारी मार्ग में बसही के पास हुई।

घटना के बाद सड़क में जाम लग गया और दोनों तरह वाहनों की लंबी कतार लग गई। बाद में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात को सामान्य बनाया। दोनों ट्रकों के चालकों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एक ट्रक मानपुर से रेत लेकर आ रहा था, जबकि दूसरा ट्रक रेत लेने जा रहा था। अचानक हुई टक्कर के कारण दोनों ट्रक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारू करने के लिए पुलिस ने जेसीबी समेत अन्य उपकरणों की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया। जैसे ही सड़क पर से ट्रकों को हटाया गया, यातायात पुन: सामान्य होने लगा। घायल दोनों चालकों का उपचार ब्यौहारी सिविल अस्पताल में चल रहा है। पुलिस जांच कर रही है।

## एसपी ने सोहागपुर थाने का किया निरीक्षण

**शहडोल, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक शहडोल राम जी श्रीवास्तव ने सोमवार को थाना सोहागपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर, हवालात, मालखाने, रजिस्टर का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। साथ ही अवैध गतिविधियों सटटा, जुआ, अवैध मादक पदार्थ, शराब अवैध हथियारों के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु भी निर्देशित किया गया। थाना परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई एवं विभिन्न मामलों में जप्त की गई दो पहिया एवं चार पहिया वाहन जो थाना परिसर में अनावश्यक रूप से खड़े हैं उनका विधि अनुरूप कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी सोहागपुर एवं समस्त थाना स्टाफ मौजूद रहा।

## जल निगम परियोजना प्रबंधक के साथ युवकों ने की मारपीट

**शहडोल, देशबन्धु।** गोहपारू थाना क्षेत्र के सोनटोला में जल निगम के परियोजना प्रबंधक रोहित मिश्रा के साथ हुई मारपीट की घटना ने सुरक्षा को लेकर गंभीर प्रश्न उठाए हैं। शनिवार दोपहर जल निगम डैम का निरीक्षण करने गए प्रबंधक ने देखा कि कुछ युवक सोन नदी में गहरे पानी में नहा रहे थे, जोकि डूब क्षेत्र में आता है। जब उन्होंने युवकों को इस खतरनाक स्थिति के बारे में समझाया, तो वे गाली-गलौज पर उतर आए और उन पर हमला कर दिया।

पुलिस के अनुसार, घटना के दौरान मो. जुबैद और मो. वाहिद ने प्रबंधक के साथ मारपीट की, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए, जबकि प्रबंधक ने गोहपारू थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। रोहित मिश्रा ने इस घटना के संबंध में कहा कि हम बारिश के मौसम में इस क्षेत्र का निरीक्षण करने आए थे, क्योंकि हमें लगातार शिकायत मिल रही थी कि लोग गहरे पानी में नहा रहे हैं, जिससे उनकी जान को खतरा हो सकता है। यह क्षेत्र प्रतिबंधित है और यहां का जलस्तर काफी गहरा है।

यहां सैकड़ों की तादाद में लोग नहा रहे थे, उसमें महिलाएं बच्चे भी शामिल थीं। जब हमने लोगों को समझाने की कोशिश की तो उन्होंने हम पर हमला कर दिया। रोहित ने कहा कि हम तो लोगों की सुरक्षा को लेकर मौके पर पहुंचे थे और उन्हें समझाना चाह रहे थे कि यहां आपकी जान को खतरा हो सकता है, क्योंकि जहां पर लोग नहा रहे थे वहां काफी गहरा पानी है। हमें क्या पता था कि हमें लोगों को समझना महंगा पड़ जाएगा। पुलिस ने इस मामले में शासकीय कार्य में बाधा डालने के अलावा अन्य धाराओं के तहत भी मामला दर्ज किया है।

## रेत चोरी में गेन्दू महाराज का ट्रैक्टर पकड़ा

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले की सीधी पुलिस ने अवैध खनिज चोरी के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए एक ट्रैक्टर को रेत सहित जप्त किया है। पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा अवैध गतिविधियों मे संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही का निर्देश अधीनस्थ स्टाफ को दिया जा रहा है। उसी क्रम मे शहडोल पुलिस को अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन करने वाले ट्रैक्टर मय रेत लोड ट्राली के जप्त की गई। सीधी पुलिस को भ्रमण के दौरान सूचना मिली कि ग्राम दरैन निवासी गेन्दू महाराज एक ट्रैक्टर में अवैध रूप से रेत लोड कर दरैन से कुदरी तरफ जा रहा है। जिस पर पुलिस द्वारा तस्दीक हेतु ग्राम चमरघटा ग्राम दरैन पहुंचे जहां एक ट्रैक्टर मय रेत लोड ट्राली के आते दिखा। जिसे घेराबंदी कर रोककर ट्रैक्टर चालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम किशन सिंह उम्र 24 वर्ष निवासी दरैन का बताया। चालक से रेत के संबंध में दस्तावेज मांगने पर उसने कोई वैधी दस्तावेज नही होना बताया। जिस पर पुलिस द्वारा ट्रैक्टर मय रेत लोड ट्राली के जप्त कर उक्त आरोपी चालक एवं वाहन मालिक गेन्दू महाराज उर्फ नागेन्द्र शुक्ला।निवासी दरैन के विरूद्ध बीएनएस. एवं खनिज अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

## सार-समाचार

### दर्शित ने नीट में सफलता हासिल की



**शहडोल, देशबन्धु।** संभाग की जाने वाली अशासकीय ज्ञानोदय हायर सेकेंडरी स्कूल अंग्रेजी माध्यम के छात्रों ने अब नीट परीक्षा में भी अपना परचम लहराया है। गत दिवस घोषित नीट के परीक्षा परिणाम में ज्ञानोदय हायर सेकेंडरी स्कूल अंग्रेजी माध्यम शहडोल के कक्षा 12वीं बायो ग्रुप के छात्र दर्शित जेठानी पिता अजीत जेठानी ने नीट परिणाम 2025 में शानदार सफलता अर्जित की है। दर्शित जेठानी ने 720 अंक में 506 अंक के साथ 97.91 प्रतिशत अंक के साथ 5609 वीं रैंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। ज्ञानोदय स्कूल के संचालक अजय सिंह और प्राचार्य श्रीमती रेखा सिंह और शिक्षकों ने दर्शित जेठानी को शुभकामनाएं प्रेषित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### फांसी का फंदा बन गया झूला

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले के जयसिंहनगर थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना ने सभी को स्तब्ध कर दिया है। 6 वर्षीय बालक अभि उर्फ मनु बैगा अपने घर के सामने स्थित आम के पेड़ में मां की साड़ी से बने झूले में झूल रहा था। लेकिन यही झूला उसकी मौत का कारण बन गया। झूला झूलते झूलते उसके गले में इस तरह फंदा कस गया कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, अभि के पिता, मिर्रा बैगा, मजदूरी के काम के लिए घर से बाहर थे, जबकि घर के अन्य सदस्य अंदर थे। अभि ने घर के एक पेड़ में अपनी मां की साड़ी से एक झूला बनाया हुआ था। झूला झूलते समय साड़ी उसके गले में फंस गई और फंदा लगने से उसकी मौत हो गई है। पड़ोस के एक व्यक्ति ने जब बालक को झूले में फंसा देखा, तो वह तुरंत मदद के लिए दौड़ा, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

### पूर्व विधायक श्याम कर्तिक दुबे को किया याद, दी श्रद्धांजलि

**सिंगरौली, देशबन्धु।** सिंगरौली जिले के प्रथम विधायक पं. श्याम कर्तिक दुबे को उनकी पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली ने उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि देकर उनको याद किया। गौरतलब है कि पं. श्यामकर्तिक दुबे सिंगरौली के एक जुझारू समाजवादी विचारधारा के कर्मठ नेता रहे है। जिन्होंने पांच बार विधायक के रूप में सिंगरौली का प्रतिनिधित्व किया। उनके कार्यकाल में सिंचाई के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए थे उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज के गरीबों वंचितों के कल्याण के लिए लगा दिया उक्त आयोजित कार्यक्रम में पंडित जी को याद करते हुए कांग्रेसियों ने उन्हें एक क्रांतिकारी संघर्षशील जन नेता बताया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित लोगों में पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली पंडित रामअशोक शर्मा जी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दीदी मधु शर्मा, जिला कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष रूपेश चन्द्र पाण्डेय, मप्र कांग्रेस के पूर्व सचिव राघवेंद्र श्रीवास्तव मुनखू, मप्र कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव अनिल सिंह जिला कांग्रेस कमेटी के सिंगरौली ग्रामीण के कोषाध्यक्ष ललित सिंह जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह भोले जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के महामंत्री रामकुमार शाह युवा नेता विकाश सिंह गहरवार के साथ कई अन्य नेता गड़ उपस्थित रहे।

### पांच वर्षो से जमे पुलिस कर्मचारियों के तबादले

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले के थानों में 5 वर्षों से जमें 120 पुलिस कर्मचारियों को एक थाने से दूसरे थानों में स्थानांतरित किया गया है। इसमें कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक से लेकर आरक्षक शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी आदेशानुसार, इन सभी का स्थानांतरण तत्काल प्रभाव से लागू होंगा। पुलिस अधीक्षक ने सभी स्थानांतरित पुलिस कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि वे निर्धारित समय सीमा में अपनी नवीन पदस्थापना स्थल पर उपस्थिति दें।

### ग्राम पंचायत सलेहा के नवीन भवन निर्माण की बाधा दूर, भूमि आवंटित

**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर न्यायालय द्वारा नायब तहसीलदार वृत्त सलेहा तहसील गुनौर के प्रतिवेदन तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुनौर एवं जिला नजूल निवर्तन समिति की 16 जून को संपन्न बैठक की अनुशंसा के आधार पर ग्राम सलेहा के सर्वे नंबर 2887 रकवा 0.420 हे. अंश भाग 20 गुणा 30 कुल 600 वर्गमीटर भूमि ग्राम पंचायत सलेहा के नवीन पंचायत भवन निर्माण के लिए आवंटित की गई है।

## एनटीपीसी विंध्याचल को ग्रीनटेक सीएसआर अवार्ड में मिला शिक्षा संवर्धन के लिए सम्मान




**सिंगरौली, देशबन्धु।** एनटीपीसी विंध्याचल ने एक बार फिर अपनी उपलब्धियों में एक और कीर्तिमान जोड़ते हुए 11वां ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया अवार्ड 2025 शिक्षा संवर्धन (Promotion in Education) श्रेणी में प्राप्त किया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान विंध्याचल परियोजना द्वारा आसपास के समुदायों में शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारी व प्रभावशाली सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) प्रयासों को मान्यता प्रदान करता है।

एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा संचालित प्रमुख पहलों में बालिका सशक्तिकरण अभियान,स्टेम लैब की स्थापना, बैंक पीओ, अर्धसैनिक बलों एवं सैन्य भर्ती हेतु कौशल विकास प्रशिक्षण, तथा खानुआ गांव में 100 बिस्तरों वाले छात्रावास का निर्माण जैसी परियोजनाएँ उल्लेखनीय हैं, जो इस पुरस्कार के सशक्त आधार बने। इस अवसर पर सुश्री मृणालिनी, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने 14 जून 2025 को नई दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में एनटीपीसी विंध्याचल की ओर से यह पुरस्कार प्राप्त किया। यह सम्मान परियोजना की शिक्षा के माध्यम से युवाओं, विशेष रूप से बालिकाओं के सशक्तिकरण की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। एनटीपीसी विंध्याचल निरंतर समावेशी और सतत विकास की दिशा में शिक्षा को केंद्र में रखकर कार्य करता रहेगा।

## ब्यौहारी विधानसभा में चार 108 एम्बुलेंस ही चल रहीं, लोग होते हैं परेशान



**ब्यौहारी, देशबन्धु।** ब्यौहारी में जय अंबे इमरजेंसी कंपनी द्वारा चार 108 एवं तीन जननी 108 दी गई थी, जिसमें से रोड में मात्र चार गाड़ियां ही चल रही हैं। बराबर गाड़ियां ना चलने के कारण भोली भाली जनता एवं आदिवासियों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। एक गाड़ी के एमटी पायलट ने बताया कि फर्स्ट लोकेशन वन सुकली जो की ब्यौहारी से 50 किलोमीटर की रेंज पर है जय अंबे कंपनी द्वारा एक गाड़ी वहां दी गई है, जिसका नंबर 2837 यह गाड़ी 108 है। ठीक इसी प्रकार निपानिया में 108 जिसका नंबर 43 14 है यह गाड़ी अभी 2 दिन पहले 5 माह बाद निकली है।

एजेंसी से जननी 108 टिपानिया उसका गाड़ी नंबर है 6075 ब्यौहारी से 30 35 किलोमीटर स्थित बुड़बक ग्राम पंचायत में जननी दी गई है, जिसका गाड़ी नंबर 2471 है अपाचे 3 लोकेशन व्यवहारी लोकेशन पर ना तो 108 है और ना ही जननी 108 इससे पहले जो गाड़ी चलती थी ब्यौहारी में 108 का गाड़ी नंबर 4596 एवं जननी 108 का 1849 बताया गया ठीक इसी प्रकार व्यवहारी से 25 किलोमीटर दूरी बने बाढ़ सागर में 108 कंपनी द्वारा दी गई जिसका नंबर 2883 है गाड़ी फरवरी माह से बंद पड़ी हुई है। ब्यौहारी विधानसभा इतना बड़ा क्षेत्र है इसमें साथ नहीं काम से कम 10 गाड़ियां होनी चाहिए यह आदिवासी क्षेत्र है इसमें ज्यादातर हितग्राही लोग गरीब तबके के ही रहते हैं जय अंबे इमरजेंसी कंपनी द्वारा ठेका अपने ऊपर लिया है तब से इस क्षेत्र में बराबर गाड़ियां नहीं चल पाई हैं कभी कर बंद हुई तो कभी तीन बंद हुई कभी तो पांच बंद हो जाती है बात की जाए बहार सागर लोकेशन की तो यह लोग गाड़ी लोकल बार सागर बुढ़वा एवं समथिंग नदी क्रॉस करके हरि हरि गांव तक जो मैहर जिला में आता है वहां तक के लिए हितग्राहियों के सुविधा का साधन बनी हुई थी यह गाड़ी न होने के कारण बाढ़ सागर लोकल एवं बुड़बक पूरा क्षेत्र पूरा हरि हरि क्षेत्र 108 सेवा से वंचित है। सूत्रों से मेरी जानकारी के अनुसार यह गाड़ी मां फरवरी 2025 से बंद पड़ी है जब भी इस गाड़ी के विषय में जिला प्रबंधक शहडोल से बात की गई तो उनके द्वारा बताया गया है कि हमारे द्वारा भरपूर प्रयास चल रहा है की गाड़ी जल्द से जल्द एजेंसी से निकलकर अपने क्षेत्र एवं क्षेत्र के आदिवासियों को सुविधा दे।

## नाली निर्माण में ठेकदार की मनमानी चरम पर



**मझौली, देशबन्धु।** सीधी जिले के मझौली नगर परिषद में इन दिनों रोड या नाली का निर्माण कार्य जोरो पर चल रहा है लेकिन रोड बाधित कर कार्य किया जाता है सूत्रों के मुताबिक वही रोड बाधित करने की किसी विभाग से अनुमत भी नहीं लिया गया जोकि ठेकेदार की दबंगई व मनमानी आए दिन देखने को मिल रहा है अपने मनमानी पूर्वक जगहों में मटेरियल गिरवा कर अपने मनमानी तरीकों से काम कराया जा रहा है जो की आए दिन एक्सीडेंट का मामला सामने आ रहा है वहीं ताजा मामला भैंसवाही का सामने में आया है।

गाड़ी निकलते समय नाली में गिर जाने से पैर में सरिया लगने से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौली में लाया गया, जिसे जिला के लिए रेफर कर दिया गया। यह पहला मामला नहीं है, कई ऐसे एक्सीडेंट का मामला सामने आ चुके हैं। चाहे पोस्ट ऑफिस के पास हो या देवी मंदिर, भुजवा मोहल्ला, भैंसवाही या मेन बाजार को, हो वहीं सब बातों को लेकर जब नगर पालिका परिषद अधिकारी सीएमओ अमित सिंह से चर्चा करने पर बताया गया है कि भुजवा मुहल्ले में 1- 2 माह से ऊपर हो चुका हैं जिसको लेकर ठेकेदार के नाम से नोटिस भी काट कर बताया गया 3 माह के अंदर अगर कंप्लीट नहीं होता है तो पेनल्टी भी लगाई जाएगी, वहीं देवी मंदिर रोड बाधित कर नाली अपने मनमानी पूर्वक काम कर रहे है जो सीएमओ के द्वारा बताया गया है कि मटेरियल रखने की जगह न होने के कारण रोड में रख रहे हैं वही लोगों को परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। अब देखना होगा खबर प्रकाशन के बाद क्या कार्यवाही हो पाता है।

## लाड़ली बहनों को मिली जून माह की आर्थिक सहायता राशि



**पन्ना, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज जबलपुर जिले के बरगी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की लाभार्थी महिलाओं को वर्तमान जून माह की आर्थिक सहायता राशि सिंगल क्लिक के जरिए अंतरित की।

इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टेऊट के एनआईसी कक्ष में किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कलेक्टर सुरेश कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह सहित श्रम पदाधिकारी, जिला समन्वयक पोषण अभियान, बाल विकास परियोजना अधिकारी पन्ना शहरी, सेक्टर पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के उद्बोधन को सुना। सभी ग्राम पंचायतों, ग्रामों एवं वार्डो में भी लाइव प्रसारण के माध्यम से लोगों द्वारा उत्साहपूर्वक कार्यक्रम देखा एवं सुना गया। पन्ना जिले की एक लाख 83 हजार 228 लाड़ली बहनों को योजना की 25वीं किस्त के तहत 22.42 करोड़ रूपए का भुगतान बैंक खाते में किया गया। इसके अलावा सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग अंतर्गत एक लाख 2 हजार 274 हितग्राहियों को 11 योजनाओं की 6 करोड़ 13 लाख रूपए की राशि भी अंतरित की गई। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना श्रेणी की लाड़ली बहनों तथा गैर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की हितग्राहियों को गैस सब्सिडी की राशि मिली। मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल 2.0 योजना के 85 हितग्राहियों को 1.93 करोड़ की अनुग्रह सहायता राशि का वितरण भी किया गया।

## बाढ़ आपदा की स्थिति से निपटने की करें पूर्व तैयारी : कलेक्टर



**पन्ना, देशबन्धु।** वर्षाकाल के दौरान बाढ़ आपदा एवं अन्य अप्रिय स्थिति से निपटने की पूर्व तैयारी कर ली जाए। सभी राहत एवं बचाव उपकरण की उपलब्धता सुनिश्चित हो। चिन्हित शिविर स्थलों के अतिरिक्त कंट्रोल रूम को भी सक्रिय करें। साथ ही जल संसाधन विभाग द्वारा बांध के जल स्तर की सतत निगरानी के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए। रेस्क्यू टीम को भी आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान कर तत्परता से राहत एवं बचाव कार्य करने के संबंध में सचेत करें। साथ ही लोक निर्माण विभाग द्वारा पुल-पुलिया एवं रपटों सहित पहुंच मार्ग की निगरानी कर आवश्यक मरम्मत कार्य भी कर लिया जाए। इसके लिए भी कर्मचारियों की ड्यूटी तय कर पाबंद किया जाए। कलेक्टर श्री कुमार ने सोमवार को कलेक्टेऊट सभाकक्ष में साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा के दौरान उक्ताशय के निर्देश दिए।

इस मौके पर विभागवार अद्यतन गतिविधियों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा भी की गई। कलेक्टर ने कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारी सीएम हेल्पलाइन सहित टीएल एवं जनसुनवाई पत्रों से संबंधित लंबित प्रकरण भी समयबद्ध रूप से निराकृत करें। साथ ही राजस्व विभाग द्वारा सीमांकन के मामलों का तेजी से निराकरण किया जाए। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय सीमा में नागरिक सेवाओं का प्रदाय सुनिश्चित हो। कलेक्टर ने 16 विभागों विशेषकर राजस्व, नगरीय प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं में निरंतर रूप से प्रगति लाकर जिले की रैंक में सुधार के लिए निर्देशित किया। बैठक में हितग्राहियों के समग्र ई-केवायसी कार्य को प्रति दिवस के लक्ष्य अनुसार अभियान मोड में संचालित कर 30 जून के पूर्व तक शत प्रतिशत कार्य पूर्णता के लिए निर्देशित किया। साथ ही नवीन शैक्षणिक सत्र में समय पर छात्रवृत्ति वितरण और पेंशन हितग्राहियों की आधार बेस्ड ई-केवायसी कार्य भी शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस दौरान समस्त पोषण पुनर्वास केन्द्रों पर चिन्हांकित कुपोषित बच्चों के समुचित उपचार के लिए निरंतर सजगतापूर्ण तरीके से निगरानी करने और एनआरसी से बच्चों के डिस्चार्ज उपरांत लगातार फॉलोअप के संबंध में भी निर्देशित किया गया।

कलेक्टर ने कहा कि विभिन्न विभागों की हितग्राहीमूलक एवं स्वरोजगारपरक योजनाओं के प्रति माह लक्ष्य मुताबिक प्रकरणों के स्वीकृति एवं वितरण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारी गंभीरतापूर्वक प्रयास करें। इस संबंध में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को बैंक स्तर पर जरूरी समन्वय के निर्देश दिए गए। साथ ही उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें सहित अन्य अधिकारियों को भी अधीनस्थ अधिकारीवार लक्ष्य सौंप कर नियमित रूप से प्रकरणों के स्वीकृति एवं वितरण संबंधी कार्यवाही से अवगत कराने के लिए कहा। जिला कलेक्टर ने सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के लंबित पेंशन प्रकरण सहित आगामी 31 अगस्त तक रिटायर होने वाले शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ तैयार कर जिला पेंशन कार्यालय में प्रेषित करने के लिए कहा, जिससे सभी स्वत्वों का भुगतान समय पर हो सके।

कलेक्टर ने कहा कि आगामी 30 जून तक संचालित होने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान में सहभागी विभाग निर्धारित गतिविधि के तहत सभी कार्य समय पर पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इस सप्ताह अधिकाधिक संख्या में संबंधित विभागों द्वारा अपेक्षित कार्यवाही पूर्ण कर ली जाए। साथ ही गतिविधियों की पोर्टल पर भी तत्काल फीडिंग सुनिश्चित की जाए। इस दौरान जल संसाधन विभाग के अधिकारी को राजस्व रिकार्ड में विभागीय संरचनाओं को दर्ज कराने तथा अतिक्रमण हटाने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई सहित जल संरचनाओं के मरम्मत तथा अन्य निर्धारित बिन्दुओं पर वांछित कार्रवाई समय सीमा में पूर्ण करने के लिए कहा। इस अवसर पर गुड सेमारिटन नेक व्यक्ति योजना के तहत घायल व्यक्तियों के अस्पताल में नि:शुल्क उपचार तथा गोल्डन ऑवर में गंभीर घायल व्यक्ति की जीवन रक्षा के लिए अस्पताल पहुंचाने वाले राहगीर को 25 हजार रूपए की सहायता राशि के बारे में भी अवगत कराया गया।